# बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम
( बिहार सरकार का उपक्रम )
कौटिल्य नगर, पटना–800014.

ई0 सपलेश्वर मंडल
मुख्य अभियन्ता

दूरभाष (कार्यालय) : 0612-2223727
फैक्स : 0612-2224529
मेबाईल : 9471006801


संचिका संख्या :– Reg–1/1475 मु0 2204 पटना, दिनांक :– 22/06/2023

## कार्यालय आदेश–230/2023

बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम अन्य कार्यों के अतिरिक्त ई–निविदा सूचना सं0–05/SBD/2022–23 के माध्यम से पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जानकीनगर थाना में मॉडल थाना भवन (G+3), आउट हाउस का विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की गयी थी।

1. ई–निविदा की कंडिका–35 में निम्न शर्तें अंकित थी :–
   "निविदा में केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्रों में समान प्रकृति के कार्य कराने का अनुभव, साक्ष्य सहित संलग्न (अपलोड) करने वाले संवेदक का ही निविदा मान्य होगा।"

2. ई–निविदा सूचना सं0–05/SBD/2022-23 में निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि–23.06.2022 से 30.06.2022 को 17:00 बजे अपराह्न तक निर्धारित की गयी थी।

3. बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के पत्रांक–एच0क्यू0 1853 दिनांक– 28.06.2022 के द्वारा ई–निविदा सूचना सं0–05/SBD/2022-23 में निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि–12.07.2022 से 21.07.2022 को 17:00 बजे अपराह्न तक विस्तारित की गयी।

4. उक्त ई–निविदा सूचना सं0–05/SBD/2022-23 के आलोक में 04 संवेदकों के द्वारा यथा–1. असित एन्जीकॉन प्रा0 लि0, 2. राम विनय कुमार, 3. सिल्वरगेट इन्फ्रास्टक्चर प्रा0 लि0 तथा 4. शिव कुमार पण्डित के द्वारा निविदा समर्पित की गयी।

5. संवेदक राम विनय कुमार द्वारा निविदा की शर्त सं0–35 के अनुपालन में कार्य अनुभव प्रमाण पत्र (Performance Certificate) के रूप में Sr. Mgr. Engg (C), Airports Authority of India, J.P.N.L Airport, Patna-800014 द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र, Ref. No- AAI/PAT/SM/Engg(C) दिनांक–11.07.2019 समर्पित की गयी थी।

6. संवेदक राम विनय कुमार द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण पत्र (Performance Certificate) निर्गत कार्यालय यथा–Sr. Mgr. Engg (C), Airports Authority of India, J.P.N.L Airport, Patna-800014 को निविदाकार राम विनय कुमार द्वारा समर्पित कार्यानुभव प्रमाण पत्र सत्यापित करने हेतु, निबंधित डाक से प्रेषित निगम के पत्र सं0–SE 36 दिनांक–30.03.2023 के साथ–साथ ई–मेल से अनुरोध किया गया।

7. निगम के उक्त अनुरोध के आलोक में Jt. GM (Engg- Civil), Airports Authority of India, J.P.N.L Airport, Patna-800014 ने ई–मेल संवाद दिनांक–14.03.2023 को संध्या

19:21 बजे भेजे गये ई–मेल से सूचित किया कि " As per the records available in the office of the undersigned, there is no such document issued as mentioned in the mail from this office."

8. उपर्युक्त तथ्यों से यह प्रमाणित होता है कि श्री राम विनय कुमार, पिता– श्री रामाधार शर्मा, पता–3/215 बी0एम0पी0–5 कैम्पस, बि0 भी0 कॉलेज कैम्पस, पटना– 800014 के द्वारा आपराधिक षडयंत्र एवं जालसाजी कर, जाली अनुभव प्रमाण पत्र तैयार कर एवं उक्त जाली अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित कर, छल पूर्वक बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम से कार्य आवंटित कराने तथा गलत ढ़ंग से लाभ प्राप्त करने का प्रयास किया गया। इस तरह संवेदक राम विनय कुमार द्वारा भारतीय दण्ड संहिता की धारा–467, 468, 471, 420, 120बी एवं 511 में वर्णित अपराध किया गया है।

9. निगम के पत्रांक–303(अनु0) दिनांक–27.04.2023 के द्वारा भारतीय दण्ड संहिता की धारा–467, 468, 471, 420, 120बी एवं 511 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के अर्न्तगत प्राथमिकी दर्ज की गई।

10. तदोपरान्त श्री राम विनय कुमार, पिता– श्री रामाधार शर्मा, पता–3/215 बी0एम0पी0–5 कैम्पस, बि0 भी0 कॉलेज कैम्पस, पटना– 800014 के द्वारा जाली अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित किया गया है। बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 की कंडिका के तहत इस कार्यालय के पत्रांक एच0क्यु0 1869 दिनांक–1.06.2023 द्वारा कारण पृच्छा की गयी क्यों नही उक्त आपराधिक षडयंत्र, जालसाजी एवं छल के आरोप में कार्य के निबंधन को निलंबित कर उसे काली सूची में डालने की कार्रवाई की जाय।

11. कारण पृच्छा का जबाव समर्पित करने का पत्र प्राप्ति से 07 दिन का समय दिया गया जिसके आलोक में संवेदक द्वारा पत्रांक–शून्य दिनांक– 05.06.2023 को कारण बताओ नोटिस का जबाव समर्पित किया गया। जिसमें उनके द्वारा कराये गये जॉच से संबंधित कागजात तथा गलत पाये गये अनुभव प्रमाण पत्र की प्रतियों को उपलब्ध कराने की मांग की गई है। जिसे निगम के द्वारा अमान्य माना गया है। किसी फर्म या व्यक्ति के द्वारा किया गया आपराधिक कृत के संबंध में आपराधिक कार्रवाई तथा जालसाजी या छलपूर्वक तथा गलत ढंग सं लाभ प्राप्त करने के प्रयास के विरूद्ध बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई अलग–अलग प्रावधानों के तहत अलग–अलग कार्रवाई करने का प्रावधान है। फर्म द्वारा आपराधिक कार्य किया गया है इसीलिए बिहार निबंधन नियमावली 2007 के तहत कार्रवाई नहीं करने का कोई वैधानिक आधार नही बनता है।

अतः आपराधिक षड़यंत्र के तहत जाली अनुभव प्रमाण पत्र निगम को समर्पित कर छल पूर्वक निगम से कार्य आवंटित कराने तथा गलत ढंग से लाभ प्राप्त करने का प्रयास करने हेतु बिहार निबंधन नियमावली 2007 के कंडिका 11(क) 7 के प्रावधानों के तहत श्री राम विनय कुमार के निबंधन सं0 प्रथम 17/2019–2020 (व्यक्तिगत) बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम को कालीसूची में दर्ज किया जाता है।

21.6.23

मुख्य अभियंता।

21/06/2023

ज्ञापांक–                                  पटना,                    दिनांक–........./........./2023

प्रतिलिपि– अधीक्षण अभियंता (मो0), अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल–01 एवं 02/ मुख्य लेखा पदाधिकारी/ कार्यपालक अभियंता, मोनेटरिंग, बी0ओ0क्यू0 एवं गुण नियंत्रण/ मुख्य अभियंता के तकनीकी सचिव/ मुख्य अभियंता के निजी सहायक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, मुख्यालय, पटना एवं सभी कार्यपालक अभियंता, पटना/राजगीर/मगध प्रमण्डल कैम्प डिहरी ओन सोन/ भागलपुर/ दरभंगा/ पूर्णियाँ/ मुजफ्फरपुर प्रमण्डल कैम्प हाजीपुर एवं कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमण्डल/

पुलिस महानिदेशक–सह–अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/ 21.6.23

मुख्य अभियंता।

ज्ञापांक– HO 2204                     पटना,                    दिनांक– 22/06/2023

प्रतिलिपि– मुख्य अभियंता, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, बिहार स्थानीय क्षेत्र विकास अभिकरण, पटना/ मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार चिकित्सा सेवाएं आधारभूत संरचना निगम, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, पटना/प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/मुख्य कार्यपालक अभियंता, बिहार ग्रामीण कार्य विकास अधिकरण, पटना/प्रबंध निदेशक बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/ 21.6.23

मुख्य अभियंता।

ज्ञापांक– HO 2204                 पटना,                 दिनांक– 22/06/2023

प्रतिलिपि– श्री जितेन्द्र गिरि, वरीय निजी सहायक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम को निगम के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Sd/ 21.6.23

मुख्य अभियंता।

ज्ञापांक– HO 2204                 पटना,                 दिनांक– 22/06/2023

प्रतिलिपि– संवेदक श्री राम विनय कुमार, पिता–श्री रामाधार शर्मा, पता–3/215 बी0एम0पी0–5 कैम्पस, बि0 भी0 कॉलेज कैम्पस, पटना– 800014 को सूचनार्थ प्रेषित।

Sd/ 21.6.23

मुख्य अभियंता।

21/06/2023